# यू.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा-2019
# सामान्य अध्ययन-I
# (मॉडल पेपर-1)

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 200**

**1.** किसी भी क्षेत्र को पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के रूप में घोषित करने के लिये मानदंड हैं-

1. जनजातीय आबादी की प्रचुरता
2. क्षेत्र की सघनता और उपयुक्त आकार
3. एक व्यवहार्य प्रशासनिक इकाई (Entity), जैसे- जिला, ब्लॉक अथवा तालुक
4. पड़ोसी क्षेत्रों की तुलना में उस क्षेत्र में आर्थिक पिछड़ापन
5. शून्य गैर-जनजातीय आबादी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1, 3 और 4 (b) केवल 2, 3 और 5
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

**2.** भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर GI का विनियमन विश्व व्यापार संगठन के बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी पहलुओं (TRIPS) पर समझौते के तहत किया जाता है।
2. वर्ष 2004 में 'दार्जिलिंग चाय' GI टैग प्राप्त करने वाला पहला भारतीय उत्पाद था।
3. भौगोलिक संकेतक का पंजीकरण 15 वर्ष के लिये मान्य होता है।
4. कतरनी चावल, भागलपुरी जरदालू और मगही पान के बाद बिहार की शाही लीची को GI का टैग प्रदान किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**3.** 'ग्यारहवाँ वैश्विक कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन और नेतृत्व पुरस्कार-2018' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत और वैश्विक स्तर पर किसानों द्वारा सामना किये जाने वाले विपणन मुद्दों और चुनौतियों, जैसे- व्यापार और विपणन तक पहुँच, इक्विटी का मुद्दा तथा कृषि मूल्य और आपूर्ति श्रृंखलाओं में उभरते रुझान पर चर्चा करना था।
2. इस सम्मेलन में भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद ने गुजरात को 'श्रेष्ठ कृषि राज्य पुरस्कार' से सम्मानित किया।
3. पिछले कुछ वर्षों में गुजरात ने कृषि के लिये ड्रोन सर्वेक्षण के अलावा उपग्रह इमेजरी और जीआईएम मैपिंग के क्षेत्रों में पहल की है, तथा कपास की फसल में गुलाबी बॉलवर्म के खतरे से निपटने में भी सफल रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**4.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33(7) में यह व्यवस्था की गई है कि कोई व्यक्ति दो सीटों से आम चुनाव अथवा उपचुनाव अथवा द्विवार्षिक चुनाव लड़ सकता है।
2. रिसर्जेंस इंडिया मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताने या स्मरण कराने के बावजूद यदि कोई उम्मीदवार हलफनामें में आवश्यक जानकारी नहीं देता है तो उसके नामांकन पत्र की जाँच के समय निर्वाचन अधिकारी नामांकन पत्र को नामंजूर कर सकता है।
3. जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 4(c), 4(cc) तथा 4(ccc) के अनुसार, असम, लक्षद्वीप तथा सिक्किम को छोड़कर कोई भी उम्मीदवार देश में किसी भी निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**5.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आरबीआई एक्ट, 1934 की धारा 7 केंद्र सरकार को यह विशेषाधिकार देती है कि वह केंद्रीय बैंक के असहमत होने की स्थिति में सार्वजनिक हित को देखते हुए गवर्नर को निर्देशित कर सकती है और सरकार के निर्देशन को RBI मानने से इनकार नहीं कर सकता।
2. राज्यों में सीबीआई जाँच के लिये संबंधित राज्य की सहमति (Consent) लेना आवश्यक होता है। यह सहमति 'सामान्य' तथा 'विशिष्ट मामले' से संबंधित हो सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**6.** लोकसभा अध्यक्ष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब कभी लोकसभा का विघटन किया जाता है तो विघटन के पश्चात् होने वाले लोकसभा के प्रथम अधिवेशन के ठीक पहले तक अध्यक्ष अपने पद को रिक्त नहीं करेगा।
2. लोकसभा अध्यक्ष को लोकसभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा पद से हटाया जा सकता है।
3. लोकसभा अध्यक्ष यदि लोकसभा का सदस्य नहीं रहता है तो अपना पद रिक्त कर देगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यय भारत की संचित निधि पर भारित व्यय है?

1. राष्ट्रपति की उपलब्धियाँ और भत्ते तथा उसके पद से संबंधित अन्य व्यय।
2. किसी न्यायालय या माध्यस्थम् अधिकरण के निर्णय, डिक्री या पंचाट की तुष्टि के लिये अपेक्षित राशियाँ।
3. ऐसे ऋण भार, जिनका दायित्व भारत सरकार पर है, जिनके अंतर्गत ब्याज, निक्षेप निधि भार और मोचन भार तथा उधार लेने और ऋण सेवा और ऋण मोचन से संबंधित अन्य व्यय हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3

**8.** उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद-त्याग करने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोई न्यायाधीश, राज्यपाल को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा।
2. किसी न्यायाधीश को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिये अनुच्छेद 124 के खंड (4) में उपबंधित रीति से उसके पद से राज्यपाल द्वारा हटाया जा सकेगा।
3. किसी न्यायाधीश का पद, राष्ट्रपति द्वारा उसे उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किये जाने पर या राष्ट्रपति द्वारा उसे भारत के राज्यक्षेत्र में किसी अन्य उच्च न्यायालय में अंतरित किये जाने पर रिक्त हो जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**9.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **अनुच्छेद** | | **प्रावधान** |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुच्छेद 329 | : | निर्वाचन संबंधी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप का वर्जन |
| 2. | अनुच्छेद 330 | : | लोकसभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व |
| 3. | अनुच्छेद 331 | : | लोकसभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये स्थानों का आरक्षण |
| 4. | अनुच्छेद 332 | : | राज्यों की विधान सभाओं में आंग्ल-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**10.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान में व्यवस्था है कि राज्यसभा में कला, साहित्य, विज्ञान, और समाज सेवा आदि के क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले 12 सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करेंगे।
2. राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों का चुनाव राज्यों की विधानसभाओं के चुने हुए सदस्यों द्वारा एकल हस्तांतरणीय मत के आधार पर आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से किया जाता है।
3. उप-राष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं एवं संविधान के अनुच्छेद-67(ख) में निहित कार्यविधि द्वारा उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**11.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान का अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को संसद के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की शक्ति प्रदान करता है।
2. हाल ही में केंद्र सरकार ने आधार को लेकर एक अध्यादेश जारी किया है जिसके तहत अब बैंक खाता खोलने और मोबाइल फोन कनेक्शन के लिये पहचान-पत्र के रूप में आधार का इस्तेमाल स्वैच्छिक हो गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**12.** निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार कीजिये:
1. खानों और तेलक्षेत्रों में श्रम और सुरक्षा का विनियमन
2. कृषि भूमि से भिन्न संपत्ति के संबंध में संपदा शुल्क
3. विद्युत के उपभोग या विक्रय पर कर
4. प्रतिव्यक्ति कर
5. आर्थिक और सामाजिक योजना
6. पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण

उपर्युक्त में से कौन-से समवर्ती सूची के विषय हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 5 और 6
(c) केवल 2, 3 और 6 (d) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

**13.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भारतीय संविधान के अनु. 15 में धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध किया गया है।
2. अनुच्छेद 27 के तहत किसी भी व्यक्ति को ऐसे करों का संदाय करने के लिये बाध्य नहीं किया जाएगा जिनके आगम किसी विशिष्ट धर्म या धार्मिक संप्रदाय की अभिवृद्धि या पोषण में व्यय करने के लिये विनिर्दिष्ट रूप से विनियोजित किये जाते हैं।
3. अनुच्छेद 23 मानव के दुर्व्यापार और बलात् श्रम का प्रतिषेध करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**14.** 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेस' (IOA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. आईओए (IOA) तब चलन में आया जब भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के अनुसार ब्रिटिश भारत को भारत और पाकिस्तान में विभाजित किया गया।
2. आईओए के अनुसार भारत की ससंद को केवल रक्षा, विदेश मामलों और संचार पर जम्मू और कश्मीर के संबंध में कानून बनाने की शक्ति दी गई।
3. अनुच्छेद 370 में ऐसा प्रावधान किया गया है कि इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेस में शामिल विषयों पर केंद्रीय कानून का विस्तार करने के लिये राज्य सरकार के साथ किसी परामर्श की आवश्यकता नहीं होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?
(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**15.** 'मानसून विच्छेद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. उत्तरी भारत के विशाल मैदान में मानसून का विच्छेद उष्ण कटिबंधी चक्रवातों की संख्या कम हो जाने से और अंत:उष्ण कटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र की स्थिति में बदलाव आने से होता है।
2. राजस्थान में मानसून विच्छेद तब होता है, जब वायुमंडल के निम्न स्तरों पर तापमान की विलोमता वर्षा करने वाली आर्द्र पवनों को ऊपर उठने से रोक देती है।
3. पश्चिमी तट पर मानसून विच्छेद तब होता है जब आर्द्र पवनें तट के विपरीत बहने लगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**16.** निम्नलिखित पर विचार कीजिये:
1. तितली 2. लुबान
3. फानी

हिन्द महासागर क्षेत्र में विकसित उपर्युक्त चक्रवाती तूफानों के आने का सही समयानुक्रम कौन-सा है?
(a) 1–2–3 (b) 2–1–3
(c) 1–3–2 (d) 3–2–1

**17.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इंडोनेशिया में भूंकप का ज़्यादा खतरा रहता है क्योंकि यह देश 'रिंग ऑफ फायर' यानी लगातार भूकंप और ज्वालामुखीय विस्फोटों की रेखा पर स्थित है।
2. अगस्त 2018 में आए भूंकप से इंडोनेशिया के लोम्बोक द्वीप का कुछ हिस्सा लगभग 25 सेंटीमीटर ऊपर उठ गया।
3. लोम्बोक स्थानीय रूप से गिली नामक कई छोटे द्वीपों से घिरा हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**18.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यदि मृदा बहुत अधिक ठंडी या बहुत अधिक शुष्क होती है तो जैविक क्रिया मंद या बंद हो जाती है।
2. मृदा का रसायन, उसमें जैव पदार्थ की मात्रा, पेड़-पौधे और प्राणिजात, तापक्रम और नमी, सभी मौसम के साथ तथा विस्तारित कालावधि के साथ परिवर्तित हो जाते हैं।
3. अपक्षय अपरदन में सहायक होता है, लेकिन अपक्षय अपरदन के लिये अनिवार्य दशा नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**19.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

1. आइसोफाइट : समान ऊँचाई वाली वनस्पति की रेखा
2. आइसो-ग्लॉस : किसी प्रदेश में भाषाओं को विभक्त करने वाली सीमा रेखा
3. आइसोनिफ : समान चुम्बकीय नति की रेखा

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**20.** हाल में चर्चित काकापो तोता (Strigops Habroptila) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. काकापो तोता, जिसे उल्लू तोता भी कहा जाता है, न्यूजीलैंड में पाया जाने वाला रात्रिचर है, जो उड़ने में असमर्थ होता है।
2. तोते की दुनिया की सबसे भारी प्रजाति काकापो को आईयूसीएन की लाल सूची के परिशिष्ट 1 में 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त' (Critically Endangered) की श्रेणी में रखा गया है।
3. इनकी वर्तमान में कुल संख्या दो सौ से भी कम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**21.** जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क (UNFCCC) के अंतर्गत शीर्ष निकाय कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज के 24वें सत्र का आयोजन दिसंबर 2018 में पोलैंड के काटोविस में किया गया। इस सम्मेलन में जिन प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया उसमें शामिल थे-

1. पेरिस समझौते के कार्यान्वयन के लिये दिशा निर्देशों/तौर तरीकों/नियमों को अंतिम रूप देना।
2. सुविधा प्रदान करने वाले तालानोआ संवाद-2018 का समापन।
3. 2020 से पूर्व उठाए जाने वाले कदमों का कार्यान्वयन एवं महत्वाकांक्षाओं का सर्वेक्षण।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 3

**22.** एशियाई शेर संरक्षण परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह परियोजना पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई।
2. इस परियोजना की अवधि 10 साल है एवं इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिये 40 : 60 के अनुपात में केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी रहेगी।
3. वर्ष 2015 में संपन्न आखिरी जनगणना में गिर संरक्षित क्षेत्र के नेटवर्क में एशियाई शेरों की संख्या 523 दर्ज की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**23.** जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह सूचकांक जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा सालाना तौर पर प्रकाशित किया जाता है।
2. इस सूचकांक में प्रथम तीन स्थानों पर कोई भी देश स्थान नहीं बना पाये।
3. इस सूचकांक के वर्ष 2019 की रिपोर्ट में भारत 11वें स्थान पर है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**24.** फ्लूरीनेटेड गैसें (Fluorinated Gases) जिनका वैश्विक तापन में चिंताजनक योगदान है, के अंतर्गत शामिल मुख्य गैसें हैं-

1. हाइड्रोफ्लूरोकार्बन (HFCs)
2. परफ्लूरोकार्बन (PFCs)
3. सल्फर हेक्साफ्लूराइड ($SF_6$)

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**25.** भारत के निम्नलिखित जैवमंडल आगारों (Biosphere Reserves) पर विचार करें-

1. नीलगिरी 2. पंचमढ़ी
3. नोकरेक 4. दिहांग-दिबांग
5. अगस्त्यमाला 6. मानस
7. सिमलीपाल 8. सुंदरबन

उपर्युक्त में से कौन-से जैवमंडल आगार विश्व जैवमंडल आगार में शामिल **नहीं** हैं?

(a) केवल 4 और 6

(b) केवल 2, 5 और 7

(c) केवल 3, 4, 5, 6 और 8

(d) केवल 1, 2, 3, 5, 7 और 8

**26.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निम्न अक्षांशों से उच्च अक्षांशों की ओर जाने पर सामान्यत: पारितंत्र की उत्पादकता और जैव विविधता में कमी आती है।
2. उष्णकटिबंधीय वर्षा वन क्षेत्र कृषि की दृष्टि से अधिक उपयोगी नहीं होते हैं क्योंकि निक्षालन से पोषक तत्त्व मृदा के निचले संस्तर में चले जाते हैं।
3. सूर्यातप में कमी पारितंत्र की उत्पादकता में वृद्धि एवं जैव-विविधता में कमी लाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**27.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कृषि में हरी खाद उस सहायक फसल को कहते हैं जिसकी खेती मुख्यत: भूमि में पोषक तत्त्वों को बढ़ाने तथा उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के उद्देश्य से की जाती है।
2. हरी खाद कम समय में अधिक मात्रा में वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करती है।
3. हरी खाद के लिये दलहनी फसलों में सनई, ढैंचा, लोबिया, उड़द, मूंग, ग्वार आदि फसलों का उपयोग किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**28.** एक व्यक्ति दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के उत्तरी छोर में स्थित वेनेजुएला की खाड़ी से चलते हुए अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स की यात्रा करता है। इस क्रम में वह क्रमश: किन घासभूमियों से होकर गुज़रता है?

1. लानोस
2. ग्रान चाको
3. सेल्वास

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) 1 – 3 – 2 (b) 3 – 2 – 1

(c) 1 – 2 – 3 (d) 2 – 3 – 1

**29.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **बहुउद्देशीय परियोजना** | | **संबंधित राज्य** |
|---|---|---|
| 1. उरी-2 परियोजना | : | पंजाब |
| 2. नाप्था-झाकरी परियोजना | : | हिमाचल प्रदेश |
| 3. चुटक पनबिजली परियोजना | : | जम्मू-कश्मीर |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**30.** विश्व की विलुप्तप्राय जनजातियों में शामिल हैं:

1. पिग्मी 2. जुलु
3. अवा 4. सेंटीनली
5. एक्रा

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 4 और 5

(c) केवल 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

**31.** फ्लोरिडा जलसंधि निम्नलिखित में से किसे जोड़ती है?

(a) हडसन की खाड़ी एवं अटलांटिक महासागर

(b) मैक्सिको की खाड़ी एवं अटलांटिक महासागर

(c) मैक्सिको की खाड़ी एवं कैरीबियन सागर

(d) भूमध्य सागर एवं अटलांटिक महासागर

**32.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गांधार कला शैली का विकास आधुनिक पेशावर और अफगानिस्तान के निकट पंजाब की पश्चिमी सीमाओं से संलग्न हिस्से में हुआ।
2. मथुरा शैली की मूर्तियाँ उस समय के सभी तीन धर्मों (बौद्ध, हिंदू और जैन) की कहानियों और चित्रों से प्रभावित हैं।
3. अमरावती शैली की मूर्तियों में 'त्रिभंग आसन' यानी 'तीन झुकावों के साथ शरीर' का अत्यधिक प्रयोग किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**33.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मध्य भारत में चंदेल शासकों ने मंदिर निर्माण की एक अलग शैली विकसित की, जिसे खजुराहो शैली के नाम से जाना गया।
2. वेसर शैली एक मिश्रित शैली है जिसमें नागर और द्रविड़ शैली दोनों की विशेषताएँ समाहित हैं।
3. गुलाम वंश या इल्बरी राजवंश के शासन के दौरान की वास्तुकला की शैली को मामलुक शैली के रूप में जाना गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**34.** "इसकी विशेषता कमल की पंखुड़ियों सदृश बड़ी आँखें तथा घटते चले जाने वाले बालों की रेखा के साथ भाव अभिव्यक्त करने वाला अर्थपूर्ण चेहरा था। इन चित्रों में बहुतायत में प्राथमिक रंगों अर्थात् लाल, पीले और हरे रंग का प्रयोग किया गया था। इस शैली में कपड़ों पर चित्रण की मुगल तकनीक का प्रयोग किया जाता था, लेकिन इसने अपनी स्वयं की शैली और तकनीक का विकास किया। इस शैली के पहले संरक्षक राजा कृपाल सिंह थे एवं इस शैली का सबसे प्रसिद्ध चित्रकार देवी दास था।"
उपर्युक्त विशेषताएँ निम्नलिखित में से किस चित्रकला शैली से संबंधित है?

(a) बशौली शैली (b) कांगड़ा शैली

(c) बीकानेर शैली (d) बूंदी शैली

**35.** निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. पावाकूथू 2. कंबाला
3. जल्लीकट्टू

उपर्युक्त में से कौन-सा/से भैंसा दौड़ प्रतियोगिता से संबंधित है?

(a) केवल 2 (b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**36.** 'संगराई नृत्य' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मोग आदिवासी समुदाय द्वारा किया जाने वाला नृत्य है जो बंगाली कैलेंडर के चैत्र माह के दौरान मनाए जाने वाले संगराई उत्सव के अवसर पर किया जाता है।
2. मोग अराकनी वंश से संबंधित है जिन्होंने चित्तगोंग पहाड़ी क्षेत्रों से होते हुए त्रिपुरा में प्रवास किया था।
3. मोग समुदाय की भाषा को तिब्बत-चीनी परिवार की भाषा के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है जो असम-बर्मा भाषा खंड से भी जुड़ी हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**37.** "मुझे उस धर्म का अनुयायी होने पर गर्व है जिसने संपूर्ण विश्व को सहिष्णुता तथा वैश्विक मैत्री का पाठ पढ़ाया है और हम केवल सार्वभौमिक सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, बल्कि हम सभी धर्मों की सत्यता को स्वीकार भी करते हैं।"
उक्त कथन निम्नलिखित में से किस विचारक का है?

(a) राजा राममोहन राय (b) स्वामी विवेकानंद

(c) स्वामी दयानंद सरस्वती (d) केशवचंद्र सेन

**38.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चार्वाक दर्शन का मूल आधार उसकी भौतिकवादी दृष्टि है।
2. न्याय-दर्शन के प्रवर्तक आचार्य जैमिनी माने जाते हैं, जिनका ग्रंथ 'न्याय सूत्र' इस दार्शनिक प्रवृत्ति का पहला ग्रंथ माना जाता है।
3. ऋग्वेद एवं सामवेद एक समतामूलक समाज के मनोभावों को व्यक्त करते हैं, वहीं यजुर्वेद एवं अथर्ववेद उत्तरवैदिक समाज में शुरू हुए विभाजन को दर्शाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 2 और 3

**39.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यदि आर.बी.आई. बाजार में प्रतिभूतियों का विक्रय खुले तौर पर करे तो बाजार में तरलता का प्रसार होगा तथा यदि बाजार से प्रतिभूतियों का क्रय करे तो बाजार में तरलता का संकुचन होगा।
2. बैंक की निवल मांग एवं अवधि देयता का वह प्रतिशत जिसे आर.बी.आई. के लिये आरक्षित करना आवश्यक हो, सीआरआर (CRR) कहलाता है।
3. रिज़र्व बैंक, बैंक दर को कम या ज़्यादा कर बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋण की लागत में क्रमश: कमी या वृद्धि कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**40.** जीएसटी अपीलीय अधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. जीएसटी अपीलीय अधिकरण, जीएसटी कानूनों में दूसरी अपील करने के लिये एक मंच है और केंद्र एवं राज्यों के बीच विवाद समाधान का प्रथम सार्वजनिक मंच है।
2. जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत अपीलीय प्राधिकरणों द्वारा जारी प्रथम अपीलों में दिये गए आदेशों के विरुद्ध अपील, GST अपीलीय अधिकरण के समक्ष दाखिल होती है जो कि केंद्र तथा राज्य GST अधिनियमों के अंतर्गत एक होता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**41.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब किसी काम में ज़रूरत से ज्यादा व्यक्ति शामिल रहते हैं जबकि उतने लोगों की ज़रूरत नहीं होती है तो यह स्थिति प्रच्छन्न बेरोज़गारी कहलाती है।
2. प्रच्छन्न बेरोज़गारी कृषि क्षेत्र में अधिक देखने को मिलती है क्योंकि जनसंख्या एवं खेतों का उपविभाजन भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी बढ़ता जाता है।
3. भारत में बेरोज़गारी से संबंधित आँकड़े राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा जारी किये जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**42.** भारतीय रिज़र्व बैंक ने ग्राहकों के लिये शिकायत निवारण तंत्र को मज़बूत बनाने के उद्देश्य से बैंकिंग लोकपाल योजना को और अधिक सख्त बनाते हुए बैंकों में आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति करने का आदेश दिया। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैंकों में आंतरिक लोकपाल योजना 2018 के अंतर्गत यह अनिवार्य है कि बैंक आंतरिक लोकपाल का कार्यकाल 3 से 5 वर्ष निश्चित करे, जिसका नवीनीकरण नहीं किया जा सकता है।
2. आंतरिक लोकपाल को केवल रिज़र्व बैंक की पूर्व सहमति के आधार पर ही उसके पद से हटाया जा सकता है।
3. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गए ये निर्देश वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों पर भी लागू होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**43.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएँ, जो हमेशा निवेश के लिये उपलब्ध होती हैं तथा इनमें किये गए निवेश को भुनाने के लिये कोई तय अवधि नहीं होती, ओपन एंडेड योजनाएँ कहलाती हैं।
2. प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) को उच्च बीमा कवर के साथ इसकी ओवरड्राफ्ट सुविधा को दोगुना करने तथा इसे ओपन-एंडेड योजना में बदलने को मंजूरी दे दी गई है।
3. पीएमजेडीवाई वित्तीय समावेशन संबंधी राष्ट्रीय मिशन है, जिसमें देश के सभी परिवारों के व्यापक वित्तीय समावेशन के लिये एकीकृत दृष्टिकोण शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**44.** 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र की एक त्रिपक्षीय एजेंसी है, जो सरकारों, नियोक्ताओं तथा कर्मचारियों का इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतिनिधित्व करती है।
2. यह संस्था अंतर्राष्ट्रीय श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ शिकायतों को पंजीकृत तो कर सकती है, किंतु यह सरकारों पर प्रतिबंध आरोपित नहीं कर सकती।
3. इस संगठन का मुख्यालय 'हेग' में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**45.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बौद्ध धर्म अनात्मवादी है क्योंकि इसमें आत्मा की परिकल्पना नहीं की गई है इसलिये यह पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करता।
2. प्रतीत्यसमुत्पाद बुद्ध के उपदेशों का सार एवं उनकी संपूर्ण शिक्षाओं का आधार स्तंभ है।
3. जैन धर्म में अहिंसा पर विशेष बल दिया गया है एवं इसमें कृषि तथा युद्ध में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**46.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अशोक के सभी अभिलेखों का विषय प्रशासनिक था, जबकि रुम्मिनदेई अभिलेख का विषय आर्थिक था।
2. मौर्यकाल में राजकीय भूमि की व्यवस्था करने वाला प्रधान अधिकारी सीताध्यक्ष कहलाता था।
3. मौर्योत्तर काल में विकेंद्रीकरण की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण रखने के लिये राजतंत्र में दैवी तत्त्वों को समाविष्ट करने की प्रवृत्ति अपनाई गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**47.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सैद्धांतिक रूप से बौद्ध धर्म हिंदू धर्म का घोर विरोधी था परंतु आठवीं शताब्दी तक उपासना कर्म और व्यवहार में वह ब्राह्मण धर्म के अत्यंत समीप आ गया।
2. गुप्त सम्राट वैष्णव धर्म के अनुयायी थे किंतु उनकी धार्मिक सहिष्णुता की भावना से शैव धर्म का समाज में यथोचित प्रसार हुआ।
3. गुप्तोत्तर काल में राजा द्वारा प्रदत्त भूमि अनुदानों को आज्ञापत्र कहा जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1　　(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3　　(d) 1, 2 और 3

**48.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इल्तुतमिश पहला सुल्तान था जिसने सल्तनत की सरकार में वंशानुगत शासन का सिद्धांत लागू किया।
2. फिरोज़शाह तुगलक ने सैनिकों को आनुवंशिक आधार पर इक्ताएँ प्रदान की तथा सेना में दासों को भर्ती करना प्रारंभ कर दिया।
3. विजयनगर साम्राज्य में सामाजिक व्यवस्था सैद्धांतिक रूप से शास्त्रीय परंपराओं पर आधारित थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1　　(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3　　(d) 1, 2 और 3

**49.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अकबर के अधीन राजस्व व्यवस्था का विकास उसके शासन के चौबीसवें वर्ष में दहसाला नामक प्रणाली के रूप में सामने आया।
2. मनसबों के संख्यागत वर्गीकरण को अक्सर चंगेज खाँ से जोड़ा जाता है, जिसने अपनी सेना को 10 से लेकर 10,000 तक के दर्जों में बाँट दिया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1　　(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों　　(d) न तो 1 और न ही 2

**50.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **संप्रदाय** | | **संस्थापक** |
|---|---|---|---|
| 1. | शत्तारी संप्रदाय | : | शेख अब्दुल कादिर जिलानी |
| 2. | सुहरावर्दी संप्रदाय | : | बदरूद्दीन |
| 3. | नक्शबंदी | : | ख्वाजा बाकी बिल्लाह |
| 4. | चिश्ती संप्रदाय | : | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 और 2　　(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3　　(d) केवल 1, 3 और 4

**51.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लॉर्ड कार्नवालिस ने 1793 में बंगाल और बिहार में इस्तमरारी बंदोबस्त की प्रथा का आरंभ किया।
2. रीड और मुनरो के नेतृत्व में मद्रास के अनेक अधिकारियों ने यह सिफारिश की कि सीधे वास्तविक काश्तकारों के साथ बंदोबस्त किया जाए।
3. महालवाड़ी प्रथा के व्यवस्था में मालगुजारी का बंदोबस्त अलग-अलग गाँवों या जागीरों (महलों) के आधार पर उन जमींदारों या उन परिवारों के मुखिया के साथ किया गया जो सामूहिक रूप से उस गाँव या महान का भूस्वामी होने का दावा करते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1　　(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3　　(d) 1, 2 और 3

**52.** "बंगाल को अपने किसानों पर गर्व होना चाहिये। शक्ति, धन, राजनीतिक शिक्षा और यहाँ तक कि नेतृत्व के अभाव के बावजूद बंगाल के किसानों ने जो आंदोलन चलाया है, वह अब तक दुनिया के सामाजिक इतिहास में किसी भी आंदोलन से किसी भी मायने में कमतर नहीं है। सरकार किसानों के खिलाफ है, कानून उनके खिलाफ है, ट्रिब्यूनल उनके खिलाफ है, प्रेस उनके खिलाफ है और इसके बावजूद उनकी यह उपलब्धि रही है, जिसका लाभ हमारे देश की आगे आनी वाली पीढ़ियों को हर स्तर पर मिलेगा।"

उपर्युक्त उद्धरण हिन्दू पैट्रियट के संपादक हरीशचंद्र मुखर्जी ने किस आंदोलन के संदर्भ में लिखा था?

(a) नील आंदोलन　　(b) पाबना विद्रोह
(c) दक्कन उपद्रव　　(d) मोपला विद्रोह

**53.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **मुगलकालीन साहित्य** | | **लेखक** |
|---|---|---|---|
| 1. | आलमगीरनामा | : | इनायत खाँ |
| 2. | अकबरनामा | : | अबुल फजल |
| 3. | चहार-चमन | : | चंद्रभान |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**54.** निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. पायनियर
2. अमृत बाज़ार पत्रिका
3. सोम प्रकाश
4. उदन्त मार्तण्ड

उपर्युक्त ब्रिटिशकालीन समाचार पत्र/पत्रिकाओं में से किसका प्रकाशन हिंदी भाषा में किया जाता था?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**55.** हंटर कमीशन की रिपोर्ट को निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने 'पन्ने दर पन्ने निर्लज्ज सरकारी लीपापोती' की संज्ञा दी?

(a) महात्मा गाँधी (b) मोतीलाल नेहरू
(c) सी. आर. दास (d) सुभाष चंद्र बोस

**56.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **संस्था** | | **संस्थापक** |
|---|---|---|---|
| 1. | आदि ब्रह्म समाज | : | केशवचंद्र सेन |
| 2. | तत्त्वबोधिनी सभा | : | देवेन्द्र नाथ टैगोर |
| 3. | परमहंस मंडली | : | स्वामी विवेकानंद |
| 4. | अखिल भारतीय अस्पृश्यता निवारण संघ | : | बी.आर. अंबेडकर |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**57.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सविनय अवज्ञा आंदोलन के समय कर न अदायगी का आंदोलन मुख्य रूप से बिहार में चलाया गया।
2. प्रथम गोलमेज सम्मेलन ऐसी पहली वार्ता थी जिसमें ब्रिटिश शासकों द्वारा भारतीयों को बराबर का दर्जा दिया गया।
3. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन सांप्रदायिक समस्या पर विवाद के कारण पूरी तरफ असफल रहा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**58.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस द्वारा कलकत्ता अधिवेशन में सर्वप्रथम 'धन के निष्कासन' सिद्धांत को स्वीकार किया गया।
2. दादाभाई नौरोजी ने अपने कुछ निबंधात्मक लेखों, जैसे-'द वॉन्ट्स एंड मीन्स ऑफ इंडिया', 'ऑन दी कॉमर्स ऑफ इंडिया' और 'पॉवर्टी एंड ब्रिटिश रूल इन इंडिया' के द्वारा धन के निष्कासन सिद्धांत की व्याख्या की।
3. 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा कंपनी की भारत में सभी व्यापारिक गतिविधियाँ समाप्त कर दी गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**59.** डिजिटल इंडिया पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डिजिटल इंडिया पुरस्कार की शुरूआत 2009 में एनआईसी द्वारा संयोजित राष्ट्रीय पोर्टल के अंतर्गत की गई।
2. डिजिटल इंडिया पुरस्कारों ने ई-शासन के लिये एक प्रभावी साधन के रूप में विश्वव्यापी वेब-मंच के इस्तेमाल को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**60.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **प्रमुख योजनाएँ** | | **उद्देश्य** |
|---|---|---|---|
| 1. | किसान क्रेडिट कार्ड योजना | : | देश के किसानों को प्रत्येक तीन वर्ष पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा मृदा परीक्षण कार्यप्रणालियों का सुदृढ़ीकरण। |
| 2. | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना | : | प्राकृतिक आपदा, कीट और रोगों के कारण नष्ट हुई फसलों के लिये किसानों को बीमा कवरेज और वित्तीय सहायता प्रदान करना। |
| 3. | परंपरागत कृषि विकास योजना | : | जैविक कृषि के माध्यम से वाणिज्यिक जैविक उत्पादन, किसानों की आय में वृद्धि तथा व्यापारियों के लिये संभावित बाजार। |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**61.** वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस सूचकांक को यूएनडीपी और ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल द्वारा विकसित किया गया है।
2. इस सूचकांक के नए संस्करण के अनुसार, वर्ष 2005–06 और 2015–16 के बीच भारत की गरीबी दर 55% से घटकर 28% रह गई है।
3. वर्ष 2005–06 से 2015–16 के दौरान भारत के सबसे गरीब वर्गों, जैसे- मुसलमानों और अनुसूचित जनजातियों ने गरीबी को कम करने में सबसे अधिक योगदान दिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**62.** फकीम वन्यजीवन अभयारण्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अभयारण्य नागालैंड के कैफाइर ज़िले में स्थित है जो 642 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।
2. हाल ही में इस अभयारण्य के एक फॉरेस्ट गार्ड, अलेम्बा यमचुंगर को अभयारण्य और उसके आस-पास के जंगलों तथा जंगली जानवरों के संरक्षण हेतु 'अर्थ डे नेटवर्क स्टार' से सम्मानित किया गया है।
3. यह सम्मान अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण संगठन द्वारा दिया गया है जो दुनिया के 195 देशों के ग्रीन ग्रुप को एक साथ जोड़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**63.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तारों से आने वाली प्रकाश की किरणें ब्लैक होल्स के गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव के कारण उनकी तरफ झुक जाती हैं जिससे तारों की चमक कुछ देर के लिये बढ़ती हुई प्रतीत होती है, यह घटना ग्रेविटेशनल लेंसिंग कहलाती है।
2. सामान्यत: ग्रेविटेशनल लेंसिंग जैसी दुर्लभ परिघटना केवल तभी घटित होती है जब तारा, ब्लैक होल और पृथ्वी पर उपस्थित प्रेक्षक एक सीधी रेखा में हों।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**64.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्लोरोफाइसी शैवाल हरे रंग के शैवाल होते हैं और ये एक कोशिक, कॉलोनीमय अथवा तंतुमयी हो सकते हैं।
2. फीयोफाइसी प्रकार के शैवाल मुख्यत: लाल शैवाल हैं जिनका लाल रंग लाल वर्णक, आर-फाइकोएरिथ्रिन के कारण है।
3. जिम्नोस्पर्म ऐसे पौधे हैं; जिनमें बीजांड अंडाशय भित्ति से ढके हुए नहीं होते और ये निषेचन से पूर्व तथा बाद में भी अनावृत ही रहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**65.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कुछ प्रोटीन एक से अधिक पॉलीपेप्टाइड्स या उपइकाइयों के समूह होते हैं।
2. किसी भी पॉलीपेप्टाइड या प्रोटीन में एमीनो अम्ल पेप्टाइड बंध द्वारा जुड़े होते हैं, जो एक एमीनो अम्ल के कार्बाक्सिल समूह व अगले एमीनो अम्ल के एमीनो समूह के बीच अभिक्रिया के उपरांत जल अणु के निकलने के बाद बनता है।
3. वयस्क मनुष्य का हीमोग्लोबीन चार उपखंडों का बना होता है जिसमें दो उपखंड अल्फा ($\alpha$) व दो उपखंड ($\beta$) प्रकार के होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**66.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यद्यपि प्रकाश अभिक्रिया में जल एक महत्त्वपूर्ण प्रतिक्रिया अभिकारक है, तथापि कारक के रूप में जल का प्रभाव पूरे पादप पर पड़ता है, न कि सीधे प्रकाश संश्लेषण पर।
2. प्रकाश अभिक्रिया में प्रकाश ऊर्जा एंटेना में मौजूद वर्णकों द्वारा अवशोषित किये जाते हैं तथा अभिक्रिया केंद्र में मौजूद क्लोरोफिल 'ए' के अणुओं को भेज दिये जाते हैं।
3. कुछ उष्णकटिबंधीय विशेष प्रकार का प्रकाश संश्लेषण करते हैं जिसे $C_4$ कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**67.** 'मिशन शक्ति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मार्च 2019 में भारत ने मिशन शक्ति को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए एंटी-सैटेलाइट मिसाइल (A–SAT) से तीन मिनट में एक लाइव भारतीय सैटेलाइट को सफलतापूर्वक मार गिराया।
2. A-SAT मिसाइल सिस्टम अग्नि मिसाइल और एडवांस्ड एयर डिफेंस सिस्टम का मिश्रण है।
3. मिशन शक्ति के सफल होने के बाद भारत यह क्षमता हासिल करने वाला अमेरिका के बाद दूसरा देश बन गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**68.** 'थ्री-पैरेंट बेबी तकनीक' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. चिकित्सा जगत में इस तकनीक को स्पिंडल ट्रांसफर/प्रोन्यूक्लियर ट्रांसफर विधि के नाम से जाना जाता है।
2. इस तकनीक में तीन लोगों की भूमिका होती है जिसमें माता-पिता एवं अंडाणु प्रदान करने वाली महिला (डोनर) होती है।
3. इस तकनीक को माइटोकॉन्ड्रियल बीमारियों से पीड़ित माताओं और मौजूदा आईवीएफ उपचारों में मदद करने हेतु विकसित किया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**69.** हाल ही में चर्चा में रहे 'वर्चुअल सिम कार्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक क्लाउड-आधारित नंबर होता है जिसका उपयोग किसी भी उपकरण से एप के माध्यम से किया जा सकता है।
2. इस तकनीक में कंप्यूटर द्वारा एक टेलीफोन नंबर उत्पन्न किया जाता है और उपयोगकर्त्ता अपने स्मार्टफोन पर सेवा प्रदाता का एक एप्लीकेशन डाउनलोड करता है।
3. पुलवामा हमले की जाँच के दौरान जाँच एजेंसियों ने पाया है कि जैश-ए-मुहम्मद के आतंकवादियों द्वारा हमले में वर्चुअल सिम कार्ड का इस्तेमाल किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**70.** हाल ही में विश्व आर्थिक मंच द्वारा वैश्विक ऊर्जा संक्रमण सूचकांक-2019 जारी किया गया। इस ऊर्जा संक्रमण सूचकांक को निम्नलिखित में से किन संकेतकों की सहायता से तैयार किया गया है?

1. पूंजी तथा निवेश
2. विनियमन और राजनीतिक प्रतिबद्धता
3. संस्थान और शासन
4. संस्थान और अभिनव व्यावसायिक वातावरण
5. मानव पूंजी और उपभोक्ता भागीदारी
6. ऊर्जा प्रणाली संरचना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2, 5 और 6
(d) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

**71.** हाल ही में समाचारों में रहा सामुदायिक रेडियो स्टेशन और स्वीप (SVEEP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामुदायिक रेडियो एक प्रकार की रेडियो सेवा है जो किसी निश्चित क्षेत्र के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रसारण सामग्री प्रेषित करती है।
2. वर्तमान में भारत भर में एक भी सामुदायिक रेडियो स्टेशन नहीं है।
3. स्वीप (SVEEP) विभिन्न मोड और मीडिया के माध्यम से नागरिकों, निर्वाचकों तथा मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने और चुनावी प्रक्रियाओं के बारे में उनकी जागरूकता तथा भागीदारी बढ़ाने के लिये डिज़ाइन किया गया एक कार्यक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**72.** संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (UNOCT) के प्रमुख कार्य हैं:

1. संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में महासचिव को सौंपे गए आतंकवाद विरोधी जनादेश पर नेतृत्व प्रदान करना।
2. यह सुनिश्चित करना कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में आतंकवाद संबंधी मुद्दों को प्राथमिकता मिले और हिंसक अतिवाद को रोकने के लिये महत्त्वपूर्ण कार्य इसके रणनीति में दृढ़ता से निहित हों।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**73.** अक्सर समाचारों में इस्तेमाल होने वाला शब्द 'गिग इकॉनमी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गिग इकॉनमी में फ्रीलान्स कार्य और एक निश्चित अवधि के लिये प्रोजेक्ट आधारित रोजगार शामिल होते हैं।
2. गिग इकॉनमी को अक्सर 'मुक्त प्रतिभा अर्थव्यवस्था' के रूप में जाना जाता है।
3. एक अनुमान के मुताबिक, भारत में नए रोज़गारों (ब्लू कॉलर और व्हाइट कॉलर दोनों) का लगभग 56% हिस्सा गिग इकॉनमी कंपनियों द्वारा सृजित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**74.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब तापमान, प्रकाश या पोषण में किसी भी परिवर्तन के कारण प्रवालों पर तनाव बढ़ता है तो वे अपने ऊत्तकों में निवास करने वाले सहजीवी शैवाल जूज़ैंथिली को निष्कासित कर देते हैं जिस कारण प्रवाल सफेद रंग में परिवर्तित हो जाते हैं।
2. यद्यपि अल-नीनो की घटना भूमध्य रेखा के आस-पास प्रशांत क्षेत्र में घटित होती है लेकिन हमारी पृथ्वी के सभी जलवायु चक्रों पर इसका प्रभाव पड़ता है।
3. जिस वर्ष अल-नीनो की सक्रियता बढ़ती है, उस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून पर उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है लेकिन अगले वर्ष सूखे की स्थिति आ जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**75.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बंग-भंग आंदोलन को सबसे अधिक सफलता विदेशी माल के बहिष्कार आंदोलन से मिली।
2. स्वदेशी आंदोलन के दौरान अवनीन्द्रनाथ टैगोर ने भारतीय कला पर पाश्चात्य आधिपत्य को तोड़ा तथा स्वदेशी पारंपरिक कलाओं व अजंता के चित्रकला से प्रेरणा लेनी शुरू की।
3. 1905 ई. में कॉन्ग्रेस के बनारस अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए गोपाल कृष्ण गोखले ने स्वदेशी एवं बहिष्कार आंदोलन का विरोध किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**76.** निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. हिमालय बटेर
2. गंगा-शार्क
3. भौंकने वाला हिरण

उपर्युक्त जीवों में कौन-सा/से आईयूसीएन की सूची में अतिसंकटग्रस्त प्रजाति (Critically endangered) के रूप में शामिल है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**77.** बाह्य स्थाने (Ex-Situ) संरक्षण एवं स्व-स्थाने (In-Situ) संरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संकटोत्पन्न पादप एवं जंतुओं को उनके प्राकृतिक आवास से अलग किसी स्थान पर संरक्षित करने का तरीका 'बाह्य-स्थाने संरक्षण' कहलाता है।
2. जब जैव-विविधता के किसी एक स्तर या जीव को उसके प्राकृतिक आवास में ही संरक्षित करना होता है, तब संपूर्ण पारितंत्र को संरक्षित करने की आवश्यकता होती है जिसे 'स्व-स्थाने संरक्षण' कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**78.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उत्तर भारत की हिमालय से निकलने वाली नदियाँ बारहमासी हैं, क्योंकि ये अपना जल बर्फ पिघलने तथा वर्षा होने से प्राप्त करती हैं।
2. प्रायद्वीपीय नदियों की विशेषता है कि ये एक सुनिश्चित मार्ग पर नहीं चलती हैं एवं विसर्प का निर्माण करती हैं।
3. प्रायद्वीपीय अपवाह तंत्र हिमालयी अपवाह तंत्र से पुराना है तथा यह तथ्य नदियों की प्रौढ़ावस्था और नदी घाटियों के चौड़ा व उथला होने से प्रमाणित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**79.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

| | **सैन्य अभ्यास** | | **संबंधित देश** |
|---|---|---|---|
| 1. | सूर्य किरण | : | भारत-भूटान |
| 2. | नोमैडिक एलिफैंट | : | भारत-मंगोलिया |
| 3. | वज्र प्रहार | : | भारत-अमेरिका |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**80.** 'इलेक्टोरल बॉण्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इलेक्टोरल बॉण्ड एक वित्तीय प्रपत्र है, जो राजनीतिक पार्टियों को चंदा देने के लिये प्रयुक्त किया जाता है।
2. इन बॉण्डों को केवल चेक या डिजिटल माध्यमों द्वारा ही खरीदा जा सकता है, नकद भुगतान देकर नहीं।
3. बॉण्डों का जारी करने के लिये केवल भारतीय स्टेट बैंक को प्राधिकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**81.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 262(1) के अनुसार, संसद, विधि द्वारा, किसी अंतर-राज्य नदी या नदी-घाटी के या उसके जल के प्रयोग, वितरण या नियंत्रण के संबंध में किसी विवाद या शिकायत के न्यायनिर्णयन के लिये उपबंध कर सकेगी।
2. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कावेरी के पानी में तमिलनाडु के हिस्से को कम कर दिया है।
3. कावेरी नदी दक्षिण भारत की एक महत्त्वपूर्ण नदी है जो कर्नाटक के कुर्ग से निकलकर तमिलनाडु, केरल तथा पुदुच्चेरी से होकर बहती है और अंतत: बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**82.** लोक उपक्रम समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस समिति का गठन पहली बार कृष्ण मेनन समिति के सुझाव के आधार पर 1964 में किया गया था।
2. यह समिति लोकसभा के नियमों में वर्णित लोक-उपक्रमों की रिपोर्टों तथा लेखों की जाँच करती है और उपक्रमों के संबंध में नियंत्रक महालेखा-परीक्षक की रिपोर्ट की जाँच भी करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**83.** यदि राज्यपाल ने किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिये आरक्षित कर लिया है तो अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के पास निम्नलिखित में से कौन-से विकल्प होंगे?

(a) वह विधेयक को अनुमति देने की घोषणा कर सकता है और ऐसा होने पर विधेयक अधिनियम बन जाता है।

(b) वह विधेयक को अनुमति नहीं देने की घोषणा कर सकता है।

(c) वह राज्यपाल को निर्देश देकर विधेयक को इस संदेश के साथ विधानमंडल को वापस भेज सकता है कि वह विधेयक के किसी या किन्हीं विशेष उपबंधों के संबंध में पुनर्विचार करे।

(d) उपर्युक्त सभी।

**84.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **शेयर बाज़ार** | | **देश** |
|---|---|---|---|
| 1. | निक्की | : | जापान |
| 2. | नैसडेक | : | ब्राज़ील |
| 3. | एमडैक्स | : | यूएसए |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**85.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रति 1000 जनसंख्या पर किसी वर्ष में पंजीकृत कुल मृतकों की संख्या को अशोधित मृत्यु दर कहा जाता है।
2. प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर प्रसव के दौरान या गर्भ नष्ट होने के 42 दिनों में मरने वाली महिलाओं की संख्या मातृत्व मृत्यु दर कहलाती है।
3. भारत की जनसंख्या वृद्धि मुख्य रूप से मृत्यु दर में तीव्र कमी, परंतु जन्म दर में उसकी तुलना में कम कमी के कारण हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**86.** निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. बूरी बूट 2. सी डोन्यी

3. संकेन

उपर्युक्त त्यौहार निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाये जाते हैं?

(a) आंध्र प्रदेश (b) अरुणाचल प्रदेश

(c) तमिलनाडु (d) जम्मू-कश्मीर

**87.** हाल ही में समाचारों में रहा 'पोलर वर्टेक्स' शब्द संदर्भित करता है:-

(a) ध्रुवीय वातावरण का अध्ययन करने के लिये भारत द्वारा निर्मित उपग्रह

(b) ध्रुवों के आस-पास कम दबाव और ठंडी हवा का एक बड़ा क्षेत्र

(c) अंटार्कटिका पर पाया जाने वाला एक प्रकार का हिम तेंदुआ

(d) मौसम संबंधी सूचनाओं के सटीक आकलन के लिये तैयार एक सॉफ्टवेयर

**88.** नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2016 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मुख्यरूप से दो श्रेणी के लोगों- अवैध आप्रवासी तथा ओवरसीज़ से संबंधित है।
2. यह ऐसे लोगों की पहचान करता है जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी समुदाय से संबंधित अवैध प्रवासी हैं और नागरिकता धारण के योग्य हैं।
3. इसके अनुसार वैध दस्तावेज़ नहीं होने पर भी उन्हें बंदी नहीं बनाया जाएगा और न ही निर्वासित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**89.** ट्रेन-18 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बिना इंजन वाली, 16 कोचों से युक्त एक हाइटेक ऊर्जा कुशल ट्रेन है।
2. इसे चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में विकसित किया गया है।
3. इसकी अधिकतम स्पीड 260 किमी. प्रतिघंटा होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**90.** वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर नामक संगठन द्वारा हाल में जारी की गई 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट-2018' के अनुसार, निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. वैश्विक स्तर पर 1970 से अब तक आर्द्रभूमि की सीमा में 87% की कमी हुई है।
2. 2000 से 2014 के बीच संपूर्ण विश्व में 9,20,000 वर्ग किमी. वन क्षेत्र नष्ट हो गया।
3. 1970 से 2014 तक मछली, पक्षियों, स्तनधारियों, उभयचर और सरीसृपों की आबादी में औसतन 60% की कमी हुई है।
4. 1960 से अब तक वैश्विक पारिस्थितिकीय पदचिह्न (Foot Print) में 190% से अधिक की वृद्धि हुई है।

कूट:

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1,2, 3 और 4

**91.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण एक सांविधिक निकाय है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में जानवरों के रख-रखाव और स्वास्थ्य देखभाल के लिये न्यूनतम मानकों तथा मानदंडों को लागू करना है।
2. चिड़ियाघरों को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 द्वारा विनियमित तथा राष्ट्रीय चिड़ियाघर नीति, 1992 द्वारा निर्देशित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**92.** 'इको-सेंसिटिव ज़ोन' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा किसी संरक्षित क्षेत्र, राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य के आस-पास के अधिसूचित क्षेत्र हैं।
2. इनमें होने वाली गतिविधियाँ वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत विनियमित होती हैं तथा यहाँ प्रदूषणकारी उद्योग लगाने या खनन की अनुमति नहीं होती।
3. सामान्य सिद्धांतों के अनुसार इनका विस्तार किसी संरक्षित क्षेत्र के आस-पास 10 किमी. तक के दायरे में हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**93.** 'सामाजिक विज्ञान में कारगर नीति अनुसंधान (IMPRESS)' योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका संचालन मार्च 2020 तक किया जाएगा।
2. इसके तहत उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान का समर्थन करने और नीति बनाने के लिये 2 वर्षों में 1500 अनुसंधान प्रोजेक्ट चलाए जाएंगे।
3. भारतीय सामाजिक विज्ञान एवं अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**94.** 'एटमॉस्फेयर एंड क्लाइमेट रिसर्च-मॉडलिंग ऑब्ज़र्विंग सिस्टम्स एंड सर्विसेज (एक्रॉस)' योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 9 उप-कार्यक्रमों से मिलकर बनी है जो बहु-विषयक और बहु-स्थानीय स्वरूप के हैं।
2. इसका उद्देश्य समाज की बेहतरी के लिये एक विश्वसनीय मौसम और जलवायु पूर्वानुमान प्रदान करना है।
3. यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**95.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के ओडिशा में ओर्टोलन बंटिंग चिड़िया की हाल में ली गई फोटो संभवत: भारत में इसका पहला फोटोग्राफ रिकॉर्ड है।
2. ओर्टोलन बंटिंग एक गाने वाली छोटी चिड़िया है जो बंटिंग परिवार से संबंधित है।
3. आईयूसीएन ने संकटापन्न प्रजातियों की अपनी लाल सूची में ओर्टोलन बंटिंग को 'सबसे कम खतरे वाली प्रजाति' के रूप में वर्गीकृत किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**96.** जीएसएलवी-एमके III रॉकेट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इसरो द्वारा विकसित किया गया एक त्रिस्तरीय भारी प्रक्षेपण यान है।
2. इसकी सहायता से लगभग 10 टन वज़नी उपग्रह को भू-तुल्यकालिक अंतरण कक्षा में तथा 4 टन वज़नी उपग्रह को निम्न भू-कक्षा में प्रक्षेपित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**97.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मोहिनीअट्टम एकल महिला द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला ऐसा नृत्य है, जिसमें भरतनाट्यम तथा कथकली दोनों के कुछ तत्त्व शामिल हैं।
2. ओडिसी नृत्य में प्रयुक्त होने वाले छंद संस्कृत नाटक 'गीतगोविंदम्' से लिये जाते हैं।
3. कत्थक भारत का वह एकमात्र शास्त्रीय नृत्य है, जिसका संबंध उत्तर भारत तथा मुस्लिम संस्कृति से रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**98.** 'कवचुआह रोपुई विरासत स्थल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विरासत स्थल भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के संरक्षित स्मारकों के अंतर्गत मिज़ोरम की पहली साइट है।
2. पुरातत्त्वविदों द्वारा की गई सबसे महत्त्वपूर्ण खोजों में यहाँ पाए गए पत्थरों के बीच पानी के पैवेलियन हैं, जो कई बलुआ पत्थरों की ढलानों पर फैले हुए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**99.** प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएमएसवाईएम) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही **नहीं** है?

(a) इस योजना को श्रम और रोज़गार मंत्रालय ने लॉन्च किया है।

(b) इस योजना के अंतर्गत 50 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद प्रति महीने न्यूनतम ₹ 2,500 की निश्चित पेंशन मिलेगी।

(c) अभिदाता का अंशदान उसके बचत बैंक खाता/जन धन खाता से 'ऑटो डेबिट' सुविधा के माध्यम से किया जाएगा।

(d) उपर्युक्त सभी।

**100.** 'पाक्के पागा हॉर्नबिल फेस्टिवल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल ही में अरुणाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के एकमात्र संरक्षण महोत्सव पाक्के पागा हॉर्नबिल फेस्टिवल को अपना 'राज्य उत्सव' घोषित किया।
2. यह महोत्सव अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग ज़िले के सिजोसा के दारलोंग गाँव में आयोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

## यू.पी.एस.सी (प्रारंभिक परीक्षा), 2019
## सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-1) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 39. | (c) | 77. | (c) |
| 2. | (b) | 40. | (c) | 78. | (b) |
| 3. | (c) | 41. | (d) | 79. | (b) |
| 4. | (d) | 42. | (b) | 80. | (d) |
| 5. | (c) | 43. | (d) | 81. | (d) |
| 6. | (d) | 44. | (a) | 82. | (c) |
| 7. | (b) | 45. | (c) | 83. | (d) |
| 8. | (a) | 46. | (d) | 84. | (c) |
| 9. | (a) | 47. | (d) | 85. | (d) |
| 10. | (d) | 48. | (d) | 86. | (b) |
| 11. | (c) | 49. | (c) | 87. | (b) |
| 12. | (b) | 50. | (a) | 88. | (d) |
| 13. | (d) | 51. | (d) | 89. | (a) |
| 14. | (a) | 52. | (a) | 90. | (d) |
| 15. | (b) | 53. | (b) | 91. | (c) |
| 16. | (a) | 54. | (c) | 92. | (c) |
| 17. | (d) | 55. | (a) | 93. | (b) |
| 18. | (d) | 56. | (a) | 94. | (d) |
| 19. | (b) | 57. | (d) | 95. | (c) |
| 20. | (d) | 58. | (d) | 96. | (a) |
| 21. | (c) | 59. | (c) | 97. | (d) |
| 22. | (b) | 60. | (b) | 98. | (c) |
| 23. | (d) | 61. | (d) | 99. | (b) |
| 24. | (c) | 62. | (d) | 100. | (c) |
| 25. | (a) | 63. | (c) | | |
| 26. | (a) | 64. | (a) | | |
| 27. | (d) | 65. | (d) | | |
| 28. | (a) | 66. | (d) | | |
| 29. | (b) | 67. | (a) | | |
| 30. | (c) | 68. | (c) | | |
| 31. | (b) | 69. | (d) | | |
| 32. | (d) | 70. | (d) | | |
| 33. | (d) | 71. | (a) | | |
| 34. | (a) | 72. | (c) | | |
| 35. | (a) | 73. | (d) | | |
| 36. | (d) | 74. | (a) | | |
| 37. | (b) | 75. | (a) | | |
| 38. | (b) | 76. | (b) | | |